राजस्थान सरकार
स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान
निदेशालय स्थानीय निकाय, राज0 जयपुर

(जी.3, राजमहल रेजीडेंसी ऐरिया, सिविल लाईन फाटक, 22 गोदाम, सी–स्कीम जयपुर–302005)
टेलीफैक्स 0141–2222403, ईमेल–stplsg407@gmail.com वेब साईट www.lsg.urban.rajasthan.gov.in

क्रमांकः E-Governance/IT/Online_Services/90A/2024/ 9549-9831 दिनांक :– 14/02/24

आयुक्त/अधिशाषी अधिकारी,
नगर निगम/परिषद/पालिका,
समस्त।

विषयः–संबंधित निकाय के तहसीलदार की SSO ID विभागीय सेवा 90–ए के ऑनलाईन पोर्टल पर मैपिंग करवायें जाने बाबत्।
संदर्भः–विभागीय आदेश क्रमांक 9196 दिनांक 10.01.2024 के क्रम में।

उपरोक्त विषयान्तर्गत संद्रर्भित विभागीय आदेश क्रमांक 9196 दिनांक 10.01.2024 द्वारा समस्त नगरीय निकायों द्वारा दी जाने वाली सेवाऐं अनिवार्य रूप से ऑनलाईन माध्यम से आवेदन प्राप्त कर ऑनलाईन ही निस्तारण किये जाने के निर्देश प्रदान किये गये है तथा ऑफलाईन माध्यम से ऐसे प्रकरणों के निस्तारण की व्यवस्था दिनांक 01.02.2024 के पश्चात् समाप्त कर दी गई है।

राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90–क के अधीन गैर–कृषिक प्रयोजनों के लिए कृषि भूमि के उपयोग की अनुज्ञा जारी किये जाने के प्रकरणों में संबंधित तहसीलदार द्वारा प्रारूप–06 में पूर्ति की जाकर संबंधित नगरीय निकाय को अभिशंषा प्रेषित की जाती है।

अतः समस्त नगरीय निकायों को निर्देशित किया जाता है 90–क की सेवा हेतु नगरीय निकाय के संबंधित तहसीलदार की SSO ID 90–क ऑनलाईन पोर्टल पर मैपिंग करवाया जाना सुनिश्चित करावें एवं भविष्य में संबंधित तहसीलदार से ऑनलाईन माध्यम से ही प्रकरणों की अभिशंषा प्राप्त की जावें।

(सुरेश कुमार ओला)
निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव

क्रमांकःE-Governance/IT/Online_Services/90A/2024/9832-36 दिनांक :– 14/02/24
प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. विशिष्ठ सचिव, माननीय मंत्री महोदय, नगरीय विकास, आवासन एवं स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान, जयपुर।
2. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, नगरीय विकास आवासन एवं स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान, जयपुर।
3. निजी सचिव, निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव, स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान, जयपुर।
4. उपनिदेशक, क्षेत्रीय, स्थानीय निकाय विभाग जयपुर/जोधपुर/कोटा/अजमेर/उदयपुर/बीकानेर/भरतपुर को प्रेषित कर लेख है कि अपने क्षेत्र के अधीन समस्त नगरीय निकायों को सूचित करें।
5. System Analyst cum Joint Director, DLB को प्रति प्रेषित कर लेख है, कि आदेश को विभाग की वेबसाईट पर अपलोड करावें।

RajKaj Ref
5484669

Signature valid
Digitally signed by Suresh Kumar Ola
Designation : Director
Date: 2024.02.13 14:51:24 IST
Reason: Approved

निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव